डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.६२ आर.एन.आई.संख्या ४०३६७/८४ नेट संस्करण www awajdarpan.com पर पढ़ें

साप्ताहिक

# आवाज दर्पण

प्रत्येक रविवार

बस्ती (उ.प्र.) वर्ष ४९ अंक २७ रविवार २३ जून से २९ जून २०२४ मूल्य तीन-रुपये

## पेपर लीक काण्ड पर चुप क्यों हैं पीएम मोदी–राहुल गांधी

**नई दिल्ली (आभा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पेपर लीक कांड पर चुप हैं क्योंकि वह 'इसे रोक नहीं पा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यूजीसी–नेट और नीट–यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी या तो पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पहले पीएम का 56 इंच का सीना था, अब 32–35 हो गया है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया कि चुनावों के बाद प्रधानमंत्री मोदी 'मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं' और उन्हें इस तरह की सरकार चलाने में संघर्ष करना पड़ेगा। आरोपी द्वारा नीट, यूजी प्रश्नपत्र लीक से जुड़े सवाल पर, राहुल गांधी ने कहा, 'मोदी साइकोलॉजिकल तौर पर टूट चुके हैं और ऐसे में सरकार चलाने में उन्हें काफी परेशानी आने वाली है। दरअसल, उनके सरकार चलाने का तरीका है, लोगों में डर पैदा करना, लेकिन अब लोग उनसे नहीं डरते हैं। अगर यहां वाजपेयी जी या मनमोहन जी होते तो शायद वे संभाल लेते, क्योंकि उनमें विनम्रता, सम्मान और समझ थी, लेकिन नरेंद्र मोदी इन बातों में यकीन नहीं करते।'

उन्होंने कहा, 'लेकिन अब लोग उनसे डरते नहीं हैं। आपने देखा कि दूसरे दिन वाराणसी में किसी ने उनकी कार पर चप्पल फेंकी। चुनावों से पहले अगर कोई उन्हें मारना चाहता था तो डर लगता था, अब वह डर खत्म हो गया है। आंतरिक समस्याएं भी हैं, उनकी पार्टी में समस्याएं हैं, उनके मूल संगठन में भी समस्याएं हैं।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की छवि पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष ने 'नरेंद्र मोदी की अवधारणा' को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा, 'अब उनसे कोई नहीं डरता। लोग उनका मजाक उड़ाते हैं।

## विकास कार्यो की धीमी रफ्तार पर लगाई फटकार

**संवाददाता–बस्ती ।** 50 लाख से अधिक लागत की पूर्ण/अपूर्ण परियोजनाओं की जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा किया। उन्होने समीक्षा में पाया कि कई परियोजनाओं में फंड उपलब्ध होने के बाद भी समय से जारी नही किया गया है। उन्होने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था के अभियन्ताओं/प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि तत्काल फंड रीलिज करायें तथा परियोजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करायें। उन्होने कलेक्ट्रेट भवन की बिल्डिंग व अग्निशमन केन्द्र को यथाशीघ्र हैण्डओबर कराये जाने का निर्देश दिया। चंगेरवॉ में निर्माणाधीन भवन में कनेक्शन हेतु अधिशासी अभियन्ता विद्युत तथा 100 बेड हास्पिटल हर्रैया में लिफ्ट की व्यवस्था हेतु सीएण्डडीएस अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होने निर्माणाधीन पशुचिकित्सालयों के कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए जॉच के लिए कमेटी गठित करने का निर्देश परियोजना निदेशक को दिया है।

उन्होने राजकीय निर्माण निगम, जिला पर्यटन एंव विकास, लोकनिर्माण, राज्य सेतु निगम, जिला पंचायत, राज्य निर्माण एवं श्रम विकास(सहकारी),



सिंचाई विभाग की परियोजनाओं पर गहनता से समीक्षा किया।

बैठक में सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, डीआईओएस जगदीश शुक्ला, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी केशवलाल, विद्युत के मनोज सिंह व ज्ञान प्रकाश, सिंचाई के राकेश कुमार गौतम, अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्रा, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण सिंह, डीएसटीओ ईशा शर्मा, एडीएसटीओ विनोद कुमार वर्मा सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पेपरलीक मामले को लेकर किया प्रदर्शन



**संवाददाता–बस्ती।** विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुये पेपर लीक और धांधली को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला मुख्यालय पर जोरदार विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये। यहां से सरकार के विरोध में नारे लगाते हुये कलेक्ट्रेट पहुचे और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और मामलों की सीबीआई जांच की मांग की।

## रक्त परीक्षण शिविर में 62 की जांच रक्तदान के लिये किया जागरूक




**संवाददाता–बस्ती ।** गुरूवार को जिला चिकित्सालय के आयुष विंग में आयुष चिकित्साधिकारी एवं रोटेरियन डा. वी.के. वर्मा के संयोजन में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 लोगों का रक्त परीक्षण कर ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबीन आदि की जानकारी देने के साथ ही रक्तदान के लिये जागरूक किया गया।

प्रमुख अधीक्षक डा. वी.के. सोनकर ने कार्यक्रम में कहा कि समय–समय पर रक्त परीक्षण आवश्यक है। उन्होने मानव सेवा के लिये रक्तदान करने का आवाहन किया। आयुष चिकित्साधिकारी डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि ब्लड ग्रुप की जांच आवश्यक है। इससे संकट के समय जीवन बचाने में आसानी होती है। कहा कि रक्तदान करने के अनेक लाभ है, इसका कोई दुष्प्रभाव नही है। ऐसा करके हम लोगों के जान बचाने का माध्यम बन सकते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लड बैंक प्रभारी डा. दीपक श्रीवास्तव, डा. सौम्या गोयल, डा. सतीश चन्द्र चौधरी, कीर्ति आनन्द, अंजू सिंह, कामिनी, इमरान, राजेश भारती, किशन गोयल, शिवम, राजन, विकास, दीनबंधु, प्रेम आदि ने रक्त परीक्षण शिविर सम्पन्न कराने में योगदान दिया।

## योगाभ्यास से मिलेगा रोगों से मुक्ति



**संवाददाता–बस्ती ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंडियन योग एसोसिएशन और भारत स्वाभिमान समिति बस्ती द्वारा किसान डिग्री कालेज बस्ती में निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया है जिसका उद्घाटन मंडलायुक्त अखिलेश सिंह कर सकते हैं विशिष्ट अतिथि डा रीना पाठक प्राचार्या शिवहर्ष किसान पी जी कालेज, राजमाता आशिमा सिंह, पूर्व सांसद अष्टभुजा, जगदीश शुक्ला, शुक्ल महेश शुक्ला सम्मिलित होंगे। यह जानकारी ओम प्रकाश आर्य जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान समिति बस्ती ने दी। बताया कि प्रातः 5:30 से 7:00 बजे तक पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योगाचार्य डा नवीन सिंह, डा प्रवेश कुमार और गरुण ध्वज पाण्डेय द्वारा योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराया जायेगा जिसमें किसान सेवा समिति महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत, एवं अन्य समाजसेवी संगठनों के अधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर योगाचार्यो ने दिनांक 21जून को होने वाले योग प्रोटोकॉल में शामिल होने वाले योग साधकों को रात में हल्का भोजन लेने और सुबह ढीले वस्त्रों में योग शिविर में शामिल होने की सलाह देते हुए बताया कि सभी साधक अपने साथ बिछाने की चद्दर और पानी की बोतल साथ लावें। योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराते हुए गरुण ध्वज पाण्डेय ने बताया योग हमें मानव से महामानव बनाता है। हमारे जीवन में दिव्यता आती है। इस अवसर पर सौरभ तुलस्यान, डा शिवेन्द्र मोहन पाण्डेय चंद्रप्रकाश चौधरी, मनीष त्रिपाठी आशुतोष कुमार प्रवीण त्रिपाठी नवीन त्रिपाठी जगत शर्मा शशि कला श्रीवास्तव पुष्पा सिंह बबली शर्मा रश्मि गुप्ता हिमांशु यादव संदीप भट्ट, नवल किशोर चौधरी, गणेश आर्य, श्रवण कुमार लालजी शुक्ल चंद्रप्रकाश चौधरी,संतोष पाण्डेय आदि को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई।

**सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख, पर पक्का लिख।**
**मत लिख इनके–उनके जैसा, केवल अपने जैसा लिख।।**
*– बालसोम गौतम*

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 **R.N.I.** 40367/84

साप्ताहिक
# आवाज दर्पण
प्रत्येक रविवार

## जानलेवा गर्मी

देश में भीषण गर्मी से मौत की घटनायें बढ गयी। मौसम जानलेवा होते जा रहे हैं। इस दिशा में प्रभावी पहल की जरूरत है। यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित व परेशान करने वाले हैं। वहीं नीति–नियंताओं को शर्मसार करने वाले भी हैं कि इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन–प्रशासन की कोताही को ही दर्शाता है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन,गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। दरअसल, अनियोजित कॉलोनियों व बहुमंजिली इमारतों के निर्माण से हवा का वह स्वाभाविक प्रवाह बाधित हुआ है जो वायु प्रदूषण रोकने में मददगार होता था। दीवाली के आसपास पराली जलाने का ठीकरा किसानों के सिरों पर फोड़कर प्रदूषण नियंत्रण की जवाबदेही से मुक्त होने का जो उपक्रम होता है, वह जगजाहिर है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से वर्ष 2021 में जिन 21 लाख लोगों की मौत होने का जिक्र है, दुर्भाग्य से उनमें 1,69,400 बच्चे हैं। जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन–केन– प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। हर साल शीत ऋतु की दस्तक होने पर वायु प्रदूषण का जो बड़ा संकट राष्ट्रीय राजधानी में पैदा होता है, उसे शासन फौरी उपायों से दूर करने का प्रयास करता है। वाहनों की गुणवत्ता के मानकों पर प्रवेश, ऑड–ईवन की तर्ज पर वाहनों का चलाना, फैक्ट्रियों में उत्पादन पर रोक, निर्माण कार्य पर रोक जैसे फौरी उपायों का सहारा लिया जाता है। फिर साल भर के लिये तंत्र हाथ पे हाथ धरे बैठा रहता है। सवाल यह है कि ये नीतियां साल भर के लक्ष्य को रखकर क्यों नहीं बनायी जाती?

# लोकतंत्र में अपराधियों का बढ़ता हस्तक्षेप

**–डा. वरिन्द्र भाटिया–**

एक ताजा–तरीन रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार इस बार के लोकसभा चुनावों में जीतने वाले प्रत्याशियों में से 46 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। लोकतंत्र में सुधार के मुद्दों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ए.डी.आर.) ने इन लोकसभा चुनावों में जीतने वाले सभी प्रत्याशियों के हलफनामों का अध्ययन कर यह जानकारी निकाली है। ए.डी.आर. की रिपोर्ट के मुताबिक 543 जीतने वाले प्रत्याशियों में से 46 प्रतिशत (251) प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा सभी जीतने वाले प्रत्याशियों में 31 प्रतिशत (170) ऐसे हैं जिनके खिलाफ बलात्कार, हत्या, अपहरण आदि जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 27 जीतने वाले प्रत्याशी ऐसे हैं जो दोषी भी पाए जा चुके हैं और या तो जेल में हैं या जमानत पर बाहर हैं। 4 जीतने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ हत्या के मामले, 27 के खिलाफ हत्या की कोशिश के मामले, 2 के खिलाफ बलात्कार, 15 के खिलाफ महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराध, 4 के खिलाफ अपहरण और 43 के खिलाफ नफरती भाषण देने के मामले दर्ज हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि किसी साफ पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी की जीतने की संभावना सिर्फ 4.4 प्रतिशत है, जबकि आपराधिक मामलों का सामना कर रहे प्रत्याशी की जीतने की संभावना 15.3 प्रतिशत है। भाजपा के 240 विजयी प्रत्याशियों में से 39 प्रतिशत (94), कांग्रेस के 99 विजयी प्रत्याशियों में से 49 प्रतिशत (49), सपा के 37 में से 57 प्रतिशत (21), तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 45 प्रतिशत (13), डीएमके के 22 में से 59 प्रतिशत (13), तेदेपा के 16 में से 50 प्रतिशत (8) और शिवसेना (शिंदे) के सात में से 71 प्रतिशत (पांच) प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

आरजेडी के 100 प्रतिशत (चारों) प्रत्याशियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। स्थिति को राज्यवार देखें तो केरल सबसे आगे है, जहां विजयी प्रत्याशियों में से 95 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके बाद तेलंगाना (82 प्रतिशत), ओडिशा (76 प्रतिशत), झारखंड (71 प्रतिशत) और तमिलनाडु (67 प्रतिशत) जैसे राज्यों का स्थान है। इनके अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, गोवा, कर्नाटक और दिल्ली में 40 प्रतिशत से ज्यादा विजयी प्रत्याशी आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

ए.डी.आर. की रिपोर्ट दिखा रही है कि चुनाव दर चुनाव ऐसे सांसदों की संख्या बढ़ती जा रही है जिनके खिलाफ आपराधिक और गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2009 में लोकसभा में आपराधिक मामलों का सामना कर रहे सांसदों की संख्या 30 प्रतिशत थी। 2014 में यह संख्या बढ़ कर 34 प्रतिशत, 2019 में 43 प्रतिशत और 2024 में 46 प्रतिशत हो गई। गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या देखें तो 2009 में उनकी संख्या 14 प्रतिशत थी, 2014 में बढ़कर 21 प्रतिशत, 2019 में 29 प्रतिशत और 2024 में 31 प्रतिशत हो गई। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि राजनीतिक दल यह मान नहीं रहे हैं कि जिनके खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हों ऐसे लोगों को चुनाव लड़ाना देश के लिए अच्छा नहीं हैं। सभी जगह अकुशल शासन राजनीति के अपराधीकरण को



बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस बिन्दु पर सुप्रीम कोर्ट ने कई बार अपनी चिंता जताई है। सजायाफ्ता नेताओं की सदस्यता रद्द करने का–4 सितंबर 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि 2 साल या उससे अधिक की सजा पाए नेताओं की सदस्यता रद्द हो जाएगी। सदस्यता रद्द होने के अलावा दागी नेता 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। कोर्ट ने फैसले में आगे कहा था कि जेल में रहते हुए किसी नेता को वोट देने का अधिकार भी नहीं होगा और न ही वे चुनाव लड़ सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में एक फैसले में कहा कि राजनीतिक दलों को यह बताना होगा कि दागी उम्मीदवारों को क्यों टिकट दिया और उनपर कितने केस दर्ज हैं। कोर्ट ने कहा सभी माध्यमों में विज्ञापन देकर राजनीतिक दल जनता को दागी छवि वाले उम्मीदवारों के बारे में बताएं।

साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि देश में कितने सांसद और विधायक दागी हैं? इनके केसों की सुनवाई के लिए कितने स्पैशल कोर्ट बनाए गए हैं? इसकी जानकारी दीजिए। सुनते हैं कि केंद्र ने हलफनामा जमा नहीं किया, जिस पर कोर्ट और केंद्र में ठन गई। 2018 में दागी नेताओं को टिकट नहीं देने की याचिका पर चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की बैंच में सुनवाई चल रही थी। इस पर केंद्र सरकार भड़क गई। तत्कालीन अटॉर्नी जनरल ने कहा कि संसद का काम भी आप ही कर दीजिए। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा– जब तक आप नहीं करेंगे तब तक हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते हैं। चुनाव लडने के लिए उम्मीदवारों को पाष्टयों को जितने पैसे की जरूरत होती है, जो साधारण लोगों के बस में नहीं है। साथ ही इलाके में अपराध की वजह से अपराधियों की नैटवर्किंग काफी मजबूत रहती है। इन दोनों वजहों से राजनीतिक दल अपराधियों को टिकट देती है। इनमें कई अपराधी चुनाव जीत कर रॉबिनहुड की छवि बना लेते हैं।

वर्तमान में ऐसी स्थिति बन गई है कि राजनीतिक दलों के मध्य इस बात की प्रतिस्पर्धा है कि किस दल में कितने उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं क्योंकि इससे उनके चुनाव जीतने की संभावना बढ़ जाती है आज राजनीति और अपराध की दुनिया का आपस में अटूट इश्किया बंधन है जो कभी भी जुड़ा नहीं होगा यह एक बार फिर इस बार के लोक सभा चुनावों मे कड़वा सच बन कर सामने आया है हमें सुनिश्चित करना होगा कि अपराधी लोकतंत्र के पूरक न बन सकें।

दलबदल की बढ़ती संख्या के कारण भारत का लोकतंत्र कमजोर हुआ है और राजनीति का एकमात्र मकसद सत्ता प्राप्ति और उसमें बने रहने के हर कुकर्म को अंजाम देना हो गया है. तय है कि सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने की जिद ने इस हालात को गंभीर बना दिया है. देखा जा रहा है कि जनादेश भी बेमानी हो गये हैं. विधायिका में बहुमत का यह प्रायोजित खेल गंभीर चिंता का विषय है।

भारतीय राजनीति में अंतरात्मा की आवाज एक बेहद घिनौना शब्द बन गया है. इस आवाज का मतलब यह है कि राजनीतिक भविष्य की सुरक्षा की तलाश में कोई भी कदम उठाना. दुखद पहलू यह है कि अब इन घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया देते आमजन नहीं दिखते हैं और न ही इसे कोई अप्रिय घटना के रूप में देखा जा रहा है।

लोकतंत्र की मर्यादा के साथ घिनौना खिलवाड़ राजनीति को ओर कितना पतनशील बनायेगा इसकी कल्पना ही रूह कंपा दे सकती है. 2014 के लोकसभा चुनाव के पहले और चुनाव प्रक्रिया के दौरान भी बड़े पैमाने पर गैर भाजपा नेताओं का दलबदल कराया गया और 2014 तक जो विपक्ष के सांसद थे. उन्हें जनता ने भारी मत से जीता भी दिया। इससे यह धारणा बदलती हुई कि चुनावी जीत तमाम अनैतिकताओं को ठीक उसी तरह खारिज कर देती है, जैसा कि अपराधियों के चुनाव में जीत के बाद कहा जाने लगा और वह अब एक प्रचलित प्रक्रिया का हिस्सा है।

लोकतंत्र अपराधियों और दलबदुलों के रहमोकरम पर यदि निर्भर होगा तो विचारों की जरूरत किस लिए महसूस की जाएगी. यदि सरकारों की निरंकुश प्रवृति बढ़ रही है तो इस तथ्य के आक्षसन से ही कि वह हर हाल में चुनाव जीत लेगा और अपने को न्यायसंगत ठहरा सकेगा. इस प्रवृति का ही हश्र है कि आमजन की कराह को कोई सुनता नहीं हैं और चुनाव आते ही आमजन भी किसी न किसी जुमले के मोह से ग्रस्त हो जाता है. दलबदुओं और अपराधियों के बढ़ते बझते मंसूबों के बीच यह गंभीर चिंता का विषय है।

यदि इन हालातों को बदलना है तो वोटरों की राजनीतिक और लोकतांत्रिक संवेदना को और सजग किये जाने की जरूरत है. पश्चिम के लोकतंत्र में इस तरह की घटनाएं नहीं देखी जाती हैं तो इसका कारण नागरिकों की लोकतांत्रिक पहल है. भारत में लोकतंत्र को केवल मतदान तक सीमित मान लेना बेहद घातक है।सजग नागरिक ही लोकतंत्र का प्रहरी हो सकता है, जबकि शासक समूह की कोशिश इस सजगता को विकसित न होने देने के अनेक जटिल प्रक्रियाओं में देखा जा सकता है. भारत की राजनीति में जिस तरह चुनावी चंदे एकतरफा हुए हैं. उसने भी राजनीतिक दलों को खरीद फरोख्त करने को सहज बनाया है. अंकेक्षण के अभाव में राजनीतिक चंदों का बेहद क्रूर चेहरा पिछले कुछ चुनावों से देखा जा सकता है, जो अब चरम पर है।

राजनीतिक पारदर्शिता और नैतिकता के लिए कठोर कदम उठाए जाने की जरूरत है. अभी जो बीमारी दिख रही है, उसके भावी गंभीर परिणाम निरंकुशता को ही बढ़ावा देगा. दुनिया के अनेक देशों में इस तरह की प्रवृतियों के कारण निरकुंश तानाशाहियों ने अंततः लोकतंत्र का विनाश ही किया है. भारत के की आजादी के आसपास आजाद हुए देशों की यह त्रासद कहानी है. उन देशों में न तो नागरिकों के अधिकार सुरक्षित हैं और न ही वे देश अपनी प्रचुर क्षमताओं का उपाय कर पाये हैं. अनेक देश तो नए किस्म के उपनिवेश जैसे हो गए हैं, जिसके संसाधन विकसित देशों ने हथिया लिए हैं।

भारत को यदि कालाधन और भ्रष्टाचार को खत्म करना है तो ऐसी राजनीति में कालाधन के बढ़ते और निर्णायक होती प्रवृति पर अंकुश लगाना होगा. नागरिक इस पहल की अगुवाई कर सकते हैं, जब वे दलबदलुओं, अपराधियों और भ्रष्ट नेताओं को राजनीतिक सबक सिखायें.


# यूपी के कर्मचारी नहीं कर सकेंगे सरकार की आलोचना: लेख लिखने, बयान पर प्रतिबन्ध



**लखनऊ (आभा)।** राज्य कर्मियों द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया में दिए जाने वाले वक्तव्य या मैसेज करने से सरकार के समक्ष खड़ी होने वाली असहज स्थिति को देखते हुए योगी सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके लिए दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सरकारी सूचना लीक करने पर भी कार्रवाई का प्रावधान कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में गुरुवार को शासनादेश जारी करते हुए सभी विभागध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। इस शासनादेश के बाद राज्य कर्मी सरकारी की नीतियों या फिर विभागीय फैसलों के प्रति गलत टिप्पणी करना भारी पड़ेगा। इतना ही नहीं अखबारों में अनर्गल लेख लिखने या फिर मीडिया में बाइट देने पर भी प्रतिबंध होगा। सरकारी कर्मचारी सिर्फ साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक लेख ही लिख सकेगा। शासनादेश के मुताबिक प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, एक्स, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम या फिर अन्य किसी तरह के सोशल मीडिया प्लेटफार्म और डिजिटल मीडिया पर कोई भी टिप्पणी या मैसेज पोस्ट करने पर रोक लगा दी गई है।

कर्मचारी आचरण नियमावली के नियम–6 में यह व्यवस्था की गई है कि राज्य कर्मी बिना मंजूरी समाचार पत्र का मालिक नहीं बनेगा और न ही उसका संचालन करेगा। समाचार पत्र या पत्रिका को लेख नहीं भेजेगा और गुमनाम, अपने नाम में या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से कोई पत्र भेजेगा व लिखेगा। नियम–7 में यह प्रावधान किया गया है कि कोई कर्मी रेडियो प्रसारण में गुनाम या स्वयं अपने नाम से कोई ऐसी बात या मत व्यक्त नहीं करेगा जिसमें सरकार के फैसले की आलोचना हो।

# गोमांस बरामदगी मामले में बजरंग दल ने किया डीआईजी से दोषियों के गिरफ्तारी की मांग



**संवाददाता–बस्ती।** गुरूवार को विश्व हिन्दू परिषद अर्न्तगत बजरंग दल के जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मण्डल ने डीआईजी और अपर पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर गोमांस बरामदगी के मामले में दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग किया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी ने बताया कि अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बताया कि गत 18 जून को सूचना मिली की मझौवामीर से एक टेम्पू गाडी संख्या यू.पी.51 बी.टी. 6022 से और एक मोटर साईकिल यूपी 58 के. 9471 में गोमांश बोरे में भरकर सेमरियांवा बाघनगर की ओर ले जाया जा रहा है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उक्त गाडी का पीछा किया और रूधौली थाना क्षेत्र के पकरीजई के पास रोककर पूंछा कि गाडी में किसका मांस है, कहां लेकर जा रहे हो। मामले की सूचना थानाध्यक्ष रूधौली को दिया गया। पुलिस द्वारा किये गये पूंछताछ में उन लोगों ने अपना नाम कमरूद्दीन पुत्र हौसिलदार, अहमद पुत्र नसीबदार, इम्तियाज पुत्र कासिम अली, सफीक पुत्र शकील निवासीगण मझौआमीर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती और इम्तियाज पुत्र जौहर अली, सेराज अहमद पुत्र मो. युनुस निवासीगण ग्राम ध्रुवजोत थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर, तनवीर अहमद पुत्र अज्ञात ग्राम जमदाशाही थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती का बताया। बोरे में बंद मांस को खोलने पर पता चला कि वह गोमांस है। रूधौली पुलिस गोमांस के साथ उक्त लोगों को थाने पर लेकर आयी। मौके पर एस.डीएम. और सी.ओ. रूधौली भी पहुंचे। पुलिस ने उक्त लोगों का भादवि की धारा 107, 116, 151 के तहत चालान कर दिया और गोमांस प्रकरण को छोड़ दिया गया। उन्हें एस.डी.एम. रूधौली के न्यायालय से जमानत भी मिल गई। इसे लेकर जन मानस में आक्रोश है।बजरंग दल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पुलिस उच्चाधिकारियों से मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराकर उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय। पत्र सौंपने वालों में जिला गौरक्षक प्रमुख स्नेह पाण्डेय के साथ ही सोनू चौहान, राहुल पाण्डेय, राजमणि पाण्डेय, सदानन्द सैनी, अम्बर पाण्डेय, अशोक यादव, अतुल यादव, अनुराग पाण्डेय, धर्मेन्द्र यादव, नितिन पाण्डेय, गुड्डू विश्वकर्मा, रमेश शर्मा, कृष्णा कुमार, अजय यादव, सोनू शर्मा, अमित कन्नौजिया आदि शामिल रहे।

# खेतों में भर जाता है घरों के निकासी का पानी, अपना दल एस ने किया डीएम से समस्या के समाधान की मांग



**संवाददाता–बस्ती ।** अपना दल 'एस' जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल ने गुरुवार को पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मांग किया कि नगर पंचायत बभनान के किसानों के खेतों में विभिन्न वार्डो के घरों का निकासी पानी लोहकजरा तालाब में जाता है। तालाब से आगे बने नाले में पानी आगे न जा पाने के कारण कई वर्षो से घरों का पानी किसानों के खेतों में भरा हुआ है। यदि लोहकजरा तालाब का पानी आगे बने नाले तक पहुंचाया जाय तो किसान अपने खेतों में फसल पैदा कर सकेंगे।

मांग पत्र देने के बाद अपना दल 'एस' जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल ने मांग किया कि इस समस्या का तत्काल प्रभाव से निस्तारण कराया जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अपना दल 'एस' के जिला महासचिव शिव कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक मंच जिलाध्यक्ष निसार अहमद, अजीत वर्मा, शिवपूजन पटेल, चौधरी रामपाल पटेल, विजय कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।

# योग विश्व को भारत की अनुपम देन



**संवाददाता–बस्ती।** भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, इंडियन योग एसोसिएशन बस्ती एवं विश्व संवाद परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज में आयोजित विश्व योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि राजमाता आशिमा सिंह ने कहा योग विश्व को भारत की देन है यह हमें प्रकृति से जुड़ने का संदेश देता है। प्रकृति और पशु पक्षियों वृक्षों आदि के नाम से ही आसनों का निर्माण हुआ है। इसे जीवन में धारण करने से ही जीवन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जे पी सिंह डी एफ ओ बस्ती ने पतंजलि योगपीठ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जनसामान्य के लिए योग को सुलभ बनाने वाली संस्था बताया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलन और सुभाष चन्द्र आर्य जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति के मधुर भजन से किया गया। रजनी मिश्रा और राधेश्याम आर्य द्वारा रोग निवारक एवं पर्यावरण शोधन सामग्री से अग्निहोत्र पूरे प्रोटोकाल के दौरान चलता रहा। योग प्रशिक्षक गरुण ध्वज पाण्डेय, सौरभ तुलस्यान मण्डल प्रभारी इंडियन योग एसोसिएशन और बबली शर्मा द्वारा योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराया गया और उसकी सावधानियां और लाभ बताए गए। इस अवसर पर आयोजक डा नवीन सिंह राष्ट्रीय महासचिव विश्व संवाद परिषद योग एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ ने बताया कि आमजनमानस को योग, यज्ञ और आयुर्वेद से जोड़ना संस्था का मुख्य उद्देश्य है जिसके लिए कार्यकर्ता निरंतर लगे हुए हैं।

ओम प्रकाश आर्य जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान समिति बस्ती ने बताया कि जिले के न्यायालय, स्टेडियम, तहसीलों और ब्लाक स्तर पर पतंजलि के योग शिक्षकों ने योग प्रोटोकाल कराने में स्थानीय प्रशासन और सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का सहयोग किया है और आगे भी करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि डा रीना पाठक प्राचार्या शिवहर्ष किसान पी जी कॉलेज बस्ती ने कहा कि आदियोगी शिव, महर्षि पतंजलि, घेरण्ड, स्वात्माराम और गुरु गोरक्षनाथ ने पूरी दुनिया को योग से कैवल्य का मार्ग दिखाया है जिससे आज पूरा विश्व एक समान योग प्रोटोकाल का अभ्यास कर रहा है। कर्नल के सी मिश्र ने योग को जीवन का अनिवार्य अंग बताया।

इस अवसर पर अतिथियों को वैदिक साहित्य देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजेश श्रीवास्तव कैलाशी आजीवन सदस्य भारत स्वाभिमान ट्रस्ट यूनिट बस्ती अनुपमा श्रीवास्तव, शोभा पाण्डेय, किरन शुक्ला, सुरेन्द्र शर्मा, कलावती शर्मा, डा शिवेंद्र मोहन पाण्डेय, नंदीश्वर दत्त ओझा, रवि चौबे, संदीप भट्ट, प्रवीण कुमार त्रिपाठी, नवीन त्रिपाठी, डा नवीन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, समाजसेवी अंकुर वर्मा, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# विश्व संगीत दिवस पर दिया योग का संदेश




**संवाददाता–बस्ती।** विश्व संगीत दिवस एवं विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर पं0 ज्वाला प्रसाद संगीत सेवा संस्थान में संगीत/योग का कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। संगीत शिक्षक राजेश आर्य, शिक्षिका कु0 ज्योति ने कहा कि 21 जून को पूरी दुनिया में विश्व संगीत दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1982 से फ्रांस में शुरू हुई थी जिसे फेटे–डी–ला म्युजिक के नाम से भी जाना जाता है।

प्रबंधक विनोद कुमार उपाध्याय, सचिव संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि 21 जून को संगीत उत्सव एवं योग दिवस दोनों का आनन्द लोग उठाते हैं। अगर शरीर और मन दोनो स्वस्थ है तभी व्यक्ति कुछ कर सकता है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना से हुआ। इसके बाद राग भूपाली, को अंशिका, अर्पणा,स्वरीशा, नव्या, रणविजय स्वरांग, सदरेआलम, अंकित, शिवम ने प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इसके बाद (संस्कृत) में देश गीत, हिंदी गीत, लोकगीत, को आयुषी, अनवी, शालिनी, विकास, आदर्श, शैलेश, आदित्य, प्रमोद, पंकज, अरविंद, आशुतोष, शुभ ने प्रस्तुत कर कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी। अंत में बच्चों ने योगाभ्यास भी किया।

# कप्तानगंज में बी.डी.सी. सदस्यों के साथ बैठक न होने से रोषः सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता–बस्ती ।** कप्तानगंज विकास खण्ड में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक न होने से रोष का माहौल है। क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के संरक्षक एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख रामशंकर यादव, ब्लाक अध्यक्ष आशीष सोनकर के नेतृत्व में बी.डी.सी. सदस्यों ने शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि नियमानुसार प्रति वर्ष बी.डी.सी. सदस्यों के साथ चार बैठक करने के साथ ही विकास कार्यो में उनकी भागीदारी सुनिश्चित किया जाय। खण्ड विकास अधिकारी ने सदस्यों को समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के संरक्षक एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख रामशंकर यादव ने कहा कि बीडीसी सदस्यों की घोर उपेक्षा हो रही है। शपथ ग्रहण के बाद उनकी भूमिका को ही नकार दिये जाने की घातक प्रवृत्ति चल रही है। यही कारण है कि बीडीसी सदस्य क्षेत्र के जनता के भरोसे पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं। बताया कि कप्तानगंज ब्लाक में पिछले तीन वर्ष में मात्र दो बैठक हुई जबकि नियमानुसार प्रति वर्ष चार बैठक होनी चाहिये और बीडीसी सदस्यों की विकास कार्यो में राय ली जानी चाहिये। उन्होने मांग किया कि तत्काल प्रभाव से बैठक बुलायी जाय और बीडीसी सदस्यों को उनका अधिकार दिया जाय। पूर्व ब्लाक प्रमुख रामशंकर यादव ने कहा कि कप्तानगंज विकास खण्ड में पूरी तरह से मनमानी हो रही है और चंद ठेकेदार समूचे विकास प्रक्रिया पर भारी पड़ रहे हैं। बीडीसी सदस्य स्वंय को ठगा सा महसूस कर रहे हैं यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है।

खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज को ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से गोपी निषाद, शिव कुमार निषाद, शिल्पा यादव, चन्द्रदेव सिंह, रीमा पाण्डेय, शिव प्रसाद चौधरी, जैसराम चौधरी, सूर्य नरायन, राजकुमार वर्मा, दिनेश कुमार यादव, सरोज सिंह, शेषनाथ यादव के साथ ही 32 बी.डी.सी. सदस्य शामिल रहे।

# भाकियू की बैठक में गूंजा जमीनी मुद्दाः धान की रोपाई के लिये नहरों में पानी छोड़ने की मांग




**संवाददाता–बस्ती ।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक जिलाध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी की अध्यक्षता में शिवा कालोनी स्थित शिविर कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में किसान समस्याओं के निस्तारण हेतु कई विन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें स्थितियों की जानकारी देगा।

बैठक में धान की रोपाई करने हेतु नहरों में पानी छोड़े जाने, जंगली और आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, फसल बीमा में निजी कम्पनियों को हटाकर सरकार द्वारा प्रीमियम जमा कराये जाने, सरकारी नलकूपों को ठीक कराने, कृषि कार्य हेतु किसानों को निःशुल्क कनेक्शन दिलाये जाने, सहारा के निवेशकों का भुगतान कराये जाने, वरासत या वसीयत के नाम पर धन उगाही पर रोक लगाने, यूरिया, डीएपी पर किसी प्रकार का टैग न लगाने, कुदरहा विकास खण्ड क्षेत्र के लालगंज स्थित कुंआनों पुल पर जाली लगवाये जाने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

भाकियू जिलाध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी ने बैठक में कहा कि किसान समस्याओं का निस्तारण पहली प्राथमिकता है। डीएम से वार्ता के बाद यदि समस्यायें हल न हुई तो भाकियू बाध्य होगा आन्दोलन करेगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष जयराम चौधरी, शोभाराम ठाकुर, डा. आर.पी. चौधरी, रामकृष्ण चौधरी, रामचन्दर सिंह आदि ने संगठन की मजबूती पर महत्वपूर्ण सुझाव दिया। मुख्य रूप से विनोद कुमार चौधरी, ब्रम्हदेव चौधरी, पंचराम, रामपाल सिंह, राधेश्याम, सीताराम, राम सुरेमन, रमेश चन्द्र, राम शव्द, कन्हैया प्रसाद, राजेन्द्र कुमार, बगेदू, शिवसागर, के साथ ही भाकियू के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# हिन्दुओं के उत्पीड़न के विरोध में विश्व हिन्दू महासंघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**संवाददाता–बस्ती ।** विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में महासंघ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि पैकोलिया थाना क्षेत्र में कुछ विपक्षी नेताओं के दबाव प्रभाव में किया जा रहा हिन्दुओं का उत्पीड़न और पुलिस द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों को दिया जा रहा संरक्षण बंद कराया जाय।

ज्ञापन देने के बाद प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि पैकोलिया थाना क्षेत्र के पेडार गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हिन्दू परिवार के नाबालिग बच्चों को दौड़ा–दौडाकर, घर में घुसकर पीटा गया, महिलाओं के साथ अभद्रता की गई और पुलिस ने घटना के अनुसार मुकदमा दर्ज न करके उसका अल्पीकरण कर दिया और 151 में चालान कर खाना पूर्ति कर दी गई। इसी प्रकार पैकोलिया थाना क्षेत्र के ही खुर्दा गांव में मुस्लिमों द्वारा गरीब हिन्दू परिवार के व्यक्ति को बांधकर, धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से मारा पीटा गया किन्तु पैकोलिया पुलिस ने 151 में चालान कर प्रकरण को हल्का कर दिया गया। पैकोलिया पुलिस के इस प्रकार की कार्रवाई से क्षेत्र के हिन्दुओं में भय व्याप्त है। जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि एक तरफ जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भय मुक्त समाज के लिये निरन्तर प्रयत्नशील हैं वहीं कुछ लोग सरकार की मंशा के विपरीत आचरण कर सरकार की छवि धूमिल करने में लगे हैं। उन्होने दोनों प्रकरणों में मुख्यमंत्री से प्रभावी हस्तक्षेप का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री कुलदीप मिश्रा, बाबा जयप्रकाश दास, राजकुमार उर्फ मंटू चौधरी, आशीष उर्फ कल्लू बाबा, सौरभ त्रिपाठी, अमरदीप श्रीवास्तव, किशन गुप्ता, वेद प्रकाश त्रिपाठी, मनीष पाण्डेय, राजेश गुप्ता, राकेश सिंह, अमरजीत सिंह, जमुना प्रसाद, मोहंटी गुप्ता के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए योग जरूरी – संजय शुक्ल



**संवाददाता–बस्ती।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में योग स्वयं और समाज के लिए थीम पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में योग सप्ताह के अंतर्गत रंगोली, कविता, निबंध लेखन, पोस्टर एवं स्लोगन, रैली, योगाभ्यास जैसे विविध कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुए। योग सप्ताह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए नियमित योग आवश्यक है। योग केवल व्यायाम का एक तरीका नहीं बल्कि जीवन का एक पूर्ण दर्शन है। यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है जिससे तनाव, चिंता, डिप्रेशन आदि से मुक्ति मिलती है। योगाचार्य डॉ प्रवेश और संजूलता के नेतृत्व में प्रशिक्षुओं ने विविध प्रकार का योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक डॉ प्रवेश ने बताया कि योग हमारे जीवन की प्राचीन पद्धति है। योग के माध्यम से निरोग रहने का सपना पूरा किया जा सकता है। योग सप्ताह के नोडल प्रवक्ता अमन सेन ने बताया कि योग से शारीरिक और मानसिक सभी प्रकार की समस्याओं से मुक्ति मिलती है।

योग सप्ताह कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ गोविंद प्रसाद, वर्षा पटेल, सरिता चौधरी, अजय प्रकाश मौर्य, अलाउद्दीन खां, डॉ रविनाथ, मो. इमरान, कल्याण पाण्डेय, शशि दर्शन त्रिपाठी आदि ने सहयोग किया।

# योग से बढ़ती है कार्य क्षमताः साधन नहीं साधना हो ध्येय



**संवाददाता–बस्ती।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत योग प्रोटोकॉल के क्रम में जनपद में आयुष विभाग द्वारा निरंतर योगाभ्यास कराया गया। गुरूवार को महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में योगाभ्यास कराते हुए योगाचार्या सन्नो दुबे ने कहा की साधना कभी भी किसी साधन की मोहताज नहीं होती है जिस तरह से बहता हुआ जल अपनी मंजिल तक पहुँच ही जाता है वैसे ही साधक या योगी योग क्रिया और साधना करते करते एक दिन स्वयं के मूल तक पहुँच ही जाता है।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य मनोज कुमार ने योग कार्यशाला में भाग लिया और कहा कि नियमित रूप से किया जाने वाला योगाभ्यास मानव सभ्यता को एक नया आयाम देगा । डॉ वीरेंद्र त्रिपाठी ने योग को नितांत आवश्यक दैनिक क्रिया कलापों से जोड़ते हुए बताया की योग हमारी मनः स्थिति को ठीक रखता है जिससे हमारी कार्यक्षमता बढ़ जाती है। पूर्व आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डॉ वी के श्रीवास्तव ने भी योग कार्यशाला में प्रतिभाग किया और आयुर्वेद और योग को एक ही परिवार का अंग बताया ।

योग वेलनेश सेंटर शंकरपुर में कार्यरत योगाचार्या सन्नो दुबे ने 21 जून को होने वाले 10वें विश्व योग दिवस के प्रोटोकॉल के अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, ध्रुवासन, मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, , सलभ आसन , ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, भुजंगासन, भ्रामरी प्राणायाम कराया और इसके लाभ भी बताए एवं इन योगाभ्यासों को करते समय बरती जाने वाली सावधानी के विषय में भी चर्चा किया।

योग प्रोटोकॉल के इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डॉ एस एस केशरी, डॉ प्रियंका केशरवानी, डॉ अमित सिंह, डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्रा, डॉ आंनद बिहारी, के साथ अन्य स्टाफ एवं मेडिकल के छात्र –छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पेपर लीक होना गंभीर विषय –संजय निषाद

**संवाददाता–बहराइच।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद केबिनेट मंत्री संजय निषाद ने पेपर लीक के सवाल पर कहा कि ये बहुत ही गंभीर विषय है इसकी जड़ें बहुत पहले से हैं ये भ्रष्टाचारी पहले की सरकारों में बच जाते थे इन्हे संरक्षण मिलता था, लेकिन हमारी सरकार प्रतिभाशाली बच्चों के साथ है, हमारी सरकार उन भ्रष्टाचारियों को पकड़ कर उन्हें पकड़कर सजा दे रही है। पिछली सरकार के समय की डाली गई भ्रष्टाचार की नीव अब धीरे–धीरे खत्म हो रही है। हमारी सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खडी है। संजय निषाद ने कहा की मैं प्रभावी कानून चाहता हूं ताकि बच्चों का भविष्य बर्बाद न हो।

37 सीटें जीत कर सपा द्वारा खुशियां मनाए जाने पर करारा तंज कसते हुए संजय निषाद ने कहा कि पूर्वजों की कहावत है कि कभी–कभी बबूल के पेड़ के नीचे आम दिख जाता है तो ये नहीं कहा जा सकता कि बबूल के पेड़ में आम फलता है। विपक्ष ने झूठ बोलकर और जनता को गुमराह करके जीत हासिल किया है, तो इसका मतलब ये नहीं है कि 2027 में सरकार बना लेंगे। हमारी विचारधारा अलग है हम जनता के साथ खड़े हैं। जनता के लिए काम करते हैं, इसलिए 27 में जीत हमारी ही होगी।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन पशु तस्कर गिरफ्तार, एक को लगी गोली



**संवाददाता–कुशीनगर।** कुशीनगर के स्थानीय थाना क्षेत्र के शिव सरया–समउर मार्ग स्थित नहर के समीप पुलिस व पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस ने तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। एक तस्कर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। चार पहिया वाहन से बिहार ले जा रहे पांच गोवंशों को मुक्त कराया गया।

शुक्रवार भोर करीब तीन बजे तमकुहीराज पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान तीन पशु तस्करों को प्रतिबंधित गोवंश के साथ मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। एक पशु तस्कर पुलिस की गोली से घायल हो गया, जबकि दो को पुलिस टीम ने दौड़ा कर हिरासत में लिया। तस्करों के पास से पुलिस ने एक तमंचा, एक कारतूस, एक खोखा, पांच गोवंश, एक वाहन बरामद किया।

पुलिस टीम ने घायल पशु तस्कर को इलाज के लिए सीएचसी तमकुहीराज भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रविंद्रनगर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दो पशु तस्कर पुलिस हिरासत में है। एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी ने बताया शुक्रवार भोर में इंस्पेक्टर तमकुहीराज अतुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के शिव सरया–समउर मार्ग स्थित नहर के समीप वाहनों की जांच कर रही थी।

इसी दौरान गोवंश लदा एक टाटा गोल्ड वाहन आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब रोकने का प्रयास किया तो तस्कर कुछ दूर वाहन खड़ा कर भागने लगे। जब पुलिस टीम ने पीछा किया तो तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जबाबी कारवाई में पुलिस टीम ने एक पशु तस्कर तमकुहीराज थाना क्षेत्र के मोरवन मठिया निवासी इमाम हुसैन को पैर में गोली मार कर गिरफ्तार किया। जबकि पटहेरवा थाना क्षेत्र के पड़री तिलक राय निवासी शफीक व तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा मुरलीधर निवासी अजीमुल्लाह को दौड़ा कर हिरासत में लिया व बिहार ले जा रहे पांच गोवंशो को मुक्त कराया गया।

# चारो ओर योग दिवस की धूम, स्टेडियम में एक हजार लोगों ने किया योग



**संवाददाता–देवरिया।** अंतरास्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को चारो ओर योग दिवस की धूम रही। देवरिया के रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक हजार लोगों ने एक साथ योग किया। इसमें लोगो ने योग के साथ निरोग रहने की विधि का अभ्यास किया। मुख्य मंच पर योग प्रशिक्षक यतेंद्र सागर, ममता तिवारी व पूजा मद्धेशिया ने योग की विविध विधियोन को प्रदर्शित किया। इसको सामने अभ्यास कर रहे विशिष्ट व आमजनों ने दोहराया। इस अभ्यास में अनुलोम विलोम समेत विविध प्राणायाम, पवन्मुक्त, शवासन समेत विविध आसनों का अभ्यास कराया। पूरे कार्यक्रम की दरों से रिकॉर्डिंग की गई।

इस अवसर पर सदर सांसद शशांक मणि, एमएलसी देवेंद्र सिंह के प्रतोनिधि राजू मणि, जिले के नोडल अधिकारी नगर विकास विभाग के सचिव अजय कुमार शुक्ल, डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, ईओ अंकिता शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला महामंत्री प्रमोद शाही आदि उपस्थित रहे।

# हजरत नवाब अली शाह के सालाना उर्स में पहुंचे महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी



**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या के अशर्फी भवन के पास मोहल्ला सुटहटी में स्थित हजरत नवाब अली शाह उर्फ नवाबू दादा का तीन दिवसीय सालाना उर्स गुरुवार को जवाबी कव्वाली के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व विशिष्ठ अतिथी के रूप में दशरथ गद्दी के महंत बृज मोहन दास ने शिरकत की। यहाँ पहुंचे मुख्यातिथि महापौर व महंत बृजमोहन दास का स्वागत उर्स कमेटी की तरफ से सरंक्षक समाजसेवी मोहम्मद इरफान अंसारी उर्फ नन्हे मियाँ व अख्तर अली मुखिया के अलावा पार्षद सुल्तान अंसारी व उर्स कमेटी के अध्यक्ष शेर अली खान उर्फ शेरू तथा युवा समाजसेवी इमरान अंसारी तथा अजमेर अली ने अंग वस्त्र भेंट कर व माला पहनाकर किया। गौरतलब है कि प्रतियेक वर्ष बकरीद के दूसरे दिन सुबह बाद नमाज फजर कुरआन ख्वानी से उर्स का आगाज होता है, उर्स के दूसरे दिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन हुआ और गुरुवार को उर्स के अंतिम दिन जवाबी कव्वाली का आयोजन हुआ जिसमें जौनपुर से आई कव्वाला गुड़िया परवीन और दिल्ली से आए कव्वाल सुल्तान साबरी के बीच मुकाबला हुआ जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे। पार्षद सुल्तान अंसारी ने कहा कि ये उर्स हिन्दु मुस्लिम एकता की मिसाल है। हजरत नवाब अली शाह की मजार पर हिन्दु मुस्लिम सभी अकीदत के साथ आते है और जो भी मुराद मांगते है पुरी होती है। इस तीन दिवसीय उर्स के मौके पर सभी धर्म के लोग शामिल होकर भाई चारा की मिसाल पेश करते हैं। इस मौके पर श्री निवास शास्त्री, पार्षद प्रतिनिधि लुल्लुर यादव, हजारी यादव, दुर्गेश पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय, मुख्तार खान, मोहम्मद कैफ, टिल्लू, मुल्लन, महफूज अंसारी, जुनेद खान, नवाब अली खान, महताब खान साहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अनिल राजभर बोले- पीएम मोदी ने योग को दुनिया के सामने रखा, राहुल और अखिलेश के बयान पर किया पलटवार



**संवाददाता–बहराइच।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर गोंडा के पीएसी ग्राउंड में पहुंचे श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने अफसरो के साथ योग किया। योग कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना किया। विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए जमकर पलटवार किया।

श्रम सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने योग कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहां की समूचा विपक्ष देश और सरकार को बदनाम करने में जुटा है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष देश और सरकार को बदनाम करने में जुटा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने योग को दुनिया के सामने रखा। जिसे पूरी दुनिया ने स्वीकारा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत काफी समृद्ध हुआ है। योग को लेकर युवाओं में आकर्षण तेजी से बढ़ रहा है। नीट परीक्षा के सवाल पर राजभर ने कहा कि पूरे मामले की जांच सीबीआई कर रही है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर विपक्ष को धैर्य रखना चाहिए। श्री राजभर ने अखिलेश यादव की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव से सीखने की जरूरत हमे नहीं है। उन्होंने सपा सुप्रीमो अखिलेश पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अखिलेश और उनके पिता की सरकारों के कार्यकाल में हुई भर्तियों में जिस तरह से आरोप लगे उसकी चर्चा हम करना नहीं चाहते है।

# नीट में धांधली के विरोध में सछास कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका



**संवाददाता–देवरिया।** समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने संगठन के जिला अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में शहर के सुभाष चौक पर नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया व नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग की। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

सभा में सपा नेता विजय रावत ने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों को रोजगार नहीं देना चाहती है। इसलिए सभी परीक्षाओं का पेपर लीक हो रहा है। भाजपा सरकार को नीट की परीक्षा रद्द कर देनी चाहिए। सछास जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नीट परीक्षा में हुई धांधली की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा सरकार छात्र और नौजवान विरोधी है। समाजवादी युवजनसभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। देश का छात्र, नौजवान भाजपा की युवा विरोधी मानसिकता को समझ गया है। भाजपा सरकार में सभी वर्ग के लोग परेशान है। किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र, युवा, महिलाएं, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों पर भाजपा सरकार में अत्याचार हो रहा है। इस दौरान सलोवा के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम अंसारी, विकास, आजम अहमद, सूरज यादव, बलवंत पहलवान, मुराद अहमद, हरिकेश, पंकज, रोहित, सनोज, गुड्डू, कमलेश यादव, धीरज यादव, शुभम, अजीत, अनिल आदि रहे।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**संवाददाता–श्रावस्ती।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने लालपुर महरी गांव से पहले एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बड़कऊ पुत्र व्यापारी निवासी लालपुर महरी कोतवाली भिनगा के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम का मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ चौकी प्रभारी चहलवा अमित कुमार सिंह, आरक्षी हरिकेश यादव शामिल रहे।

# नहीं हटाया गया खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा

**संवाददाता–श्रावस्ती।** भिनगा तहसील के बनकटवा भिट्ठी निवासी चंद्रशेखर पुत्र त्रिवेदी प्रसाद ने डीएम को शिकायती पत्र देकर खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि दो साल पहले लेखपाल ने जमीन की पैमाइश करके अपनी रिपोर्ट दी थी। जिसमें गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने दीवार उठा लिया था।

लेकिन राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण आज तक खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका। वर्तमान लेखपाल की ओर से मामले की लीपापोती की जा रही है। अवैध कब्जा हटवाने के लिए बार बार मांग की जा रही है लेकिन राजस्व कर्मी अवैध कब्जा हटवाना नहीं चाहते हैं।

# पीएम मोदी के प्रयास से मनाया जा रहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस -सुरेश खन्ना



**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में चल रहे साप्ताहिक योग शिविर के समापन एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि आज योग पूरे विश्व में किया जा रहा है, इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। प्रधानमंत्री के प्रयास से 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। आज प्रधान मंत्री जम्मू कश्मीर सेना के बीच में योग कर रहे है। मुख्यमंत्री तो स्वयं योगी है। उन्होंने कहा कि योग को जीवन में सबसे अधिक महत्त्व दें। अगर हम स्वस्थ हैं तो हम कुछ भी कर सकते है। अगर हम रोज 10 मिनट योग करें धीरे धीरे और टाइम बढ़ा कर एक घंटा तक योग करने लगेंगे। योग करने की हमारी आदत हो जाएगी। अनुलोम–विलोम, कपालभाती, भ्रामरी प्राणायाम ठीक से करना है, सांस को लेना और छोड़ना तथा उसको नियंत्रित करने के लिए सीखना बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक रूप में भी योग हम लोगों के लिए बहुत जरुरी है, आध्यात्मिक समृद्धता तभी संभव है जब हम योग करेंगे। कहने का तात्पर्य है कि शरीर और मन दोनों की शुद्धता के लिए केवल एक ही मार्ग है वह है योग।

विशिष्ट अतिथि गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने कहा कि योग मानव जीवन के लिए सबसे अधिक जरूरी है क्योंकि आज के परिवेश में हम बिना योग के निरोग रह ही नहीं सकते है और अगर हम निरोग नहीं है तो हम. कुछ नहीं कर सकते हैं। इसलिए आज हम सबको संकल्प लेना है कि प्रतिदिन योग करना है, स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। योगाचार्य कमलेश मौर्या, रवि सिंह, महात्मा नवनीत, रणधीर कुमार सिंह और विनय कुमार चौधरी नें सूर्य नमस्कार, सिद्धासन, पद्मासन, वज्रासन, गोमुखासन, वीरासन, धनुरासन, शवासन, मत्स्यासन, मत्स्येन्द्रासन, पश्चिमोत्तासन, मयूरासन, मंडूकासन, उत्तानपादासन, उत्तानपादासन, शलभासन, मकरासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, सर्वांगासन, हलासन, ताड़ासन, नौकासन, शशकासन के साथ हीं नाड़ीशोधन, कपालभाती, शीतली व भ्रामरी प्राणायाम इत्यादि का योगाभ्यास कराया। संचालन गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ के आचार्यों, छात्रों सहित सैकड़ों योगाभ्यासी व प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# सेटेलाइट सेंटर से स्वायत्तशासी मेडिकल कालेज एक माह बाद होगा शुरू

**संवाददाता–बलरामपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर तैयार हुआ केजीएमयू का सेटेलाइट सेंटर अब स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज हो गया है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह के प्रयास के बाद अब इसे एक माह के भीतर शुरू करा दिया जाएगा। इसको लेकर शासन से पत्र भी जारी हो गया है। 300 बेड वाले इस मेडिकल कॉलेज में 20 विभाग खोले जाएंगे। जहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती होगी। शुरुआती दौर में यहां 100 सीटों पर एमबीबीएस के छात्रों को दाखिला मिल सकेगा। यह जिलेवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। संयुक्त जिला चिकित्सालय के बगल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर केजीएमयू का सेटेलाइट सेंटर बनकर तैयार हो गया है। लोकसभा चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका लोकार्पण भी कर दिया था, जिसके बाद मेडिकल कॉलेज के संचालन की उम्मीद जगी थी। पहले यह मेडिकल कॉलेज को केजीएमयू लखनऊ का सेटेलाइट सेंटर बनना था, लेकिन परिस्थितिवश इसे अब स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज का दर्जा दे दिया गया है। जिसे लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने लेटर भी जारी कर दिया है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह की मानें तो आगामी एक माह में मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू करा दिया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बीते फरवरी व मार्च महीने में डीएम अरविंद सिंह ने व्यक्तिगत रूप से प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा से सम्पर्क व वार्ता कर इस सेटेलाइट सेंटर को स्वतंत्र राजकीय मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रयास शुरू किया था। उनका प्रयास रंग लाया। पिछले मार्च माह में शासन ने सर्वोच्च स्तर पर तथ्यात्मक रूप से प्रस्तुत किए गए केजीएमयू से मेडिकल कॉलेज का संचालन यहां पर संभव नहीं हो पा रहा था। बेवजह संचालन में विलंब भी हो रहा था। जिसके बाद इसे राजकीय मेडिकल कॉलेज का अब दर्जा दे दिया गया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर्स, डाक्टर्स



व अन्य मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति चूंकि उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग को करनी होती है, जिसमें काफी समय लगता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने पुनः शासन स्तर पर प्रयास किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए संयुक्त टीम का गठन किया गया है। मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए निदेशक मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है, जिसमें बहराइच मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार को इसमें शामिल किया गया है। समिति शासन व जिलाधिकारी को बताएगी कि मेडिकल कॉलेज का संचालन कैसे किया जाएगा। जल्द ही यह टीम स्थलीन निरीक्षण कर जुलाई माह में मेडिकल कॉलेज को शुरू कराने की रूपरेखा तैयार करेगी।

केजीएमयू के कुलपति के एक आदेश के मुताबिक बलरामपुर में बने सेटेलाइट सेंटर परिसर में भूतल को मिलाकर कुल छह तल होंगे। इसके तहत बेसमेंट में किचन, लांड्री व रेडियोलाजी विभाग होगा। कुलपति के अनुसार भूतल पर प्रशासनिक भवन, पैथालॉजी व मरीजों को मिलने वाली अन्य बुनियादी सुविधाएं मौजूद होंगी। भवन के दूसरे तल पर ओटी व वार्ड होंगे।

दूसरी और चौथी मंजिल पर विभिन्न विभागों के दस वार्ड बनाए जाएंगे। इसमें मेडिसिन, सर्जरी, पेडियाट्रिक व आर्थोपैडिक के लिए 60–60 बेड के वार्ड बनाए जाएंगे।

मिली जानकारी के अनुसार सेटेलाइट सेंटर में बनने वाले रेडियोथेरेपी, अपथल्मोलॉजी व फिजियो समेत अन्य विभागों के दस दस बेड के वार्ड होंगे। इसके अलावा 20 बेड का पोस्ट आपरेटिव वार्ड होगा। इसमें 11 बेड आईसीसीयू, पांच बेड एसआईसीयू व चार बेड सीसीयू के रहेंगे। इसके अलावा विशिष्ट विधाओं की छह अलग अलग आपरेशन थियेटर शुरू किए जाएंगे इससे जनपद के मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिल सकेगी। साथ ही टेलीमेडिसिन के जरिए भी मरीजों का इलाज किया जाएगा। 300 बेड के क्षमता वाले इस सेटेलाइट सेंटर में संयुक्त जिला चिकित्सालय को समाहित करने के बाद यह 400 बेड का अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज होगा।

बलरामपुर के इस केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर में एमबीबीएस के लिए 100 सीटें होंगी। केजीएमयू के सचिव के पत्र के अनुसार लोकार्पण के पूर्व यहां पर प्राचार्य की भी नियुक्ति कर दी जाएगी। सेटेलाइट सेंटर में 20 विभाग खोले जाएंगे। इसमें प्रमुख रूप से एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट, रेडिया डायगनोसिस, एनेस्थिसिया, पैथालॉजी, माइक्रो बायोलोजी, फोरेन्सिक मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिसिन, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, ईएनटी, डरमेटोलॉजी, साइकेट्री, जनरल सर्जरी, आर्थोपैडिक्स, आप्स एण्ड गायनी तथा डेन्टिस्ट विभाग खोजे जाएंगे। इन सभी विभागों में केजीएमयू लखनऊ अपने विशेषज्ञ चिकित्सकों व कर्मियों की नियुक्ति करेगा।

# नियमित करें योग रहें निरोग का संदेश जिले में गूंजा

**संवाददाता–बलरामपुर।** दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को जिलेभर में मनाया गया। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग की धूम रही। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर व जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित व भगवान धनवंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर योग दिवस का शुभारंभ किया। यहां पर भारी संख्या में लोगों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही उन्हें योग से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस लाइन, जिला अस्पताल, कारागार सहित नगर निकायों व ग्राम पंचायतों में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग शिविर को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर ने कहा कि आज पूरी दुनिया योग को अपना रही है। जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। आज घर–घर में योग करके लोग निरोग हो रहे हैं। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि योग जितना पौराणिक है उतना ही आधुनिक है। नियमित योग शरीर को निरोग रखने के साथ–साथ मस्तिष्क एवं इंद्रियों पर नियंत्रण रखने का साधन एवं माध्यम है। यहां पर योग प्रशिक्षक पुष्पेन्द्र एवं रेखा मिश्रा ने लोगों को योगाभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने योग के साथ–साथ बेहतर खानपान के बारे में भी जानकारी दी। जनसमूह को ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भ्रामरी, प्राणायाम, अनुलोम विलोम व कपालभांति कराया गया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय की ओर से आयोजित शिविर में लोगों को निरूशुल्क दवाएं वितरित की गईं। आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ दिग्विजय नाथ ने लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरएन सिंह ने किया। इस अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में जिला कारागार में शिविर का आयोजन किया गया। जेल प्रांगण में कर्मियों एवं बंदियों को योग प्रशिक्षक डॉ अमरजीत ने योगाभ्यास कराया। उन्होंने लोगों को नियमित योग व आहार के फायदों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राम कुबेर सिंह, जेलर एसके सोनकर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। सशस्त्र सीमा बल 50वीं वाहनी में भी योग दिवस पर जवानों ने योग किया। इस मौके पर उप कमांडेंट मुकेश कुमार गुज्जर सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। संयुक्त जिला चिकित्सालय में सीएमएस डॉ राज कुमार की देखरेख में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल के चिकित्सकों का कर्मियों ने योग किया। इस अवसर पर अस्पताल के डॉ एके यादव, क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय, डॉ नितिन चौधरी, डॉ सौरभ सिंह, डॉ आरके पाण्डेय, फार्मासिस्ट आरके गुप्ता, सुरेन्द्र दुबे, जीपी त्रिपाठी व उमेश दीक्षित सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। इसी क्रम में पुलिस लाइन बलरामपुर में योग प्रशिक्षक बीबी सिंह ने पुलिस कर्मियों को योग कराया। इस मौके पर एसपी केशव कुमार सहित तमाम पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। नगर के तुलसीपार्क में शुक्रवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के सम्मानित लोगों के साथ भाजपा जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता ने तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। योग प्रशिक्षक मंगल बाबू ने लोगों को योगाभ्यास कर उसके लाभ के भी विषय में जानकारी दी। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि सभी लोग प्रतिदिन योगाभ्यास करें ताकि लोग स्वस्थ रहें। जब सभी लोग स्वस्थ होंगे तभी देश भी स्वस्थ रहेगा। जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिलामंत्री अवधेश तिवारी तरुण, उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, संजय शर्मा, शेरावाली शुक्ला, झूमा सिंह, नंदलाल तिवारी, विनोद गिरी, महेश शुक्ला बच्चा, राजीव विश्व मोहन द्विवेदी, अक्षय शुक्ला, गौरव मिश्रा, अंकित तिवारी, ओंकार तिवारी सहित तमाम लोगों ने योगाभ्यास किया।

महराजगंज तराई क्षेत्र में ब्लॉक परिसर व ग्राम पंचायतों में योग प्रशिक्षक ने लोगों को योग कराया। साथ ही लोगों को प्रति दिन योग करने के लिए जानकारी भी दी। थाना में पुलिस कर्मियों ने भी थाना प्रभारी के साथ योग किया। तुलसीपुर चीनी मिल में आयोजित योग कार्यक्रम में विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि योग से जीवन अनुशासित होता है। इसके माध्यम से हम स्वस्थ एवं सुखी जीवन व्यतीत कर सकते हैं। गन्ना प्रबंधक व वरिष्ठ चीनी मिल अधिकारी आशीष सिंह, एसडीएम तुलसीपुर आदि मौजूद रहे। ब्लॉक परिसर कौवापुर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीर सिंह विक्की व बीडीओ राजीव मोहन त्रिपाठी ने कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों के साथ योग किया। इसी तरह भाजपा कार्यालय उतरौला में विधायक राम प्रताप वर्मा ने क्षेत्रवासियों व कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक उत्कर्ष, आत्मिक शांति और आरोग्य के प्रदाता योग पद्धति से पूरी मानवता को जोड़ना ही अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य है। रामलीला मैदान उतरौला में आयोजित योग दिवस पर एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार ने कहा कि योगाभ्यास से कई जटिल बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# 29 जुलाई से तीन अगस्त के विशेष लोक अदालत

**संवाददाता–गोरखपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत एवं 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराए जाने के उद्देश्य से गुरुवार को जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी की अध्यक्षता में विभिन्न विभाग के प्रशासनिक अधिकारियोंध्नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गई। यह जानकारी अपर सत्र न्यायाधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद न्यायाधीश द्वारा उपस्थित अधिकारियों को उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित विशेष लोक अदालत एवं 13 जुलाई को गोरखपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराए जाने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त सभी प्रशासनिक अधिकारियोंध्नोडल अधिकारियों को उक्त लोक अदालत का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

# भगवान राम ने दुनिया को दिया मानवता का संदेश –तुलछाराम



**संवाददाता–अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्मस्थली श्रीधाम अयोध्या के पावन भूमि पर श्री खेतेश्वर ब्रह्मधाम तीर्थ आसोतरा बालोतरा राजस्थान के कुलगुरू खेताराम महाराज सत्प्रेरणा से श्री तुलछाराम महाराज के पावन सनिध्य में ध्यानाराम महाराज के संयोजन में सप्त दिवसीय श्री राम यज्ञ आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान के साथ–साथ देश के कोने–कोने से पध ारे भक्तों ने सदगुरुदेव भगवान के सानिध्य में अयोध्या वास कर यज्ञ में सम्मिलित होने का लाभ प्राप्त किया और बुधवार की शाम को श्री राम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती महाराज के संयोजन में संत सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पीठाधीश्वर अग्रदेवाचार्य राघवाचार्य महाराज ने किया और कहा कि यह पावन पुनीत अयोध यानगरी है। जहां प्रभु श्रीराम ने अवतार लिया। श्रीराम ने पूरी दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया। अयोध्या सप्तपुरियों में मस्तक के समान है। जिसे मोक्षदायिनी नगरी कहा गया है और जब जन्मों का पुण्य जागृत होता है तब मनुष्य को यहां आने का अवसर प्राप्त होता है इसलिए श्री तुलछाराम महाराज के सनिध्य में आप सबको अवध दर्शन का लाभ प्राप्त हुआ।स्वामी तुलछाराम महाराज ने कहा कि भगवान राम ने दुनिया को मानवता का संदेश दिया।

जगद्गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य ने कहा कि अयोध्या की भूमि कोई साधारण भूमि नही है। यहां का एक कण अगर मस्तक पर पड़ जाए। तो उसकी साधना पूर्ण हो जायेगी। परमात्मा भाव के भूखे हैं। अयोध्या की धरती ब्रह्म रज से विभूषित है। श्रीराम का चरित्र प्रासंगिक है। पूरे विश्व को चरित्र देने का काम श्रीराम ने किया है। मंगलभवन पीठाधीश्वर महंत कृपालु रामभूषण दास ने कहा कि अयोध्या की महिमा निराली है। इसकी सेवा सभी नगरियां करती हैं। ब्रह्मा जी जगत के रचयिता हैं। संत सम्मेलन का संचालन महंत जयरामदास वेदांती ने किया।अंत में स्वामी तुलछाराम महाराज के उत्तराधिकारी ध्यानाराम ने पधारे हुए संत–धर्माचार्यों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं भेंट–विदाई कर स्वागत–सम्मान किया। सम्मेलन में जगन्नाथ मंदिर के महंत राघव दास, रामहर्षण कुंज महंत अयोध्या दास, डाड़िया मंदिर के महंत महामंडलेश्वर गिरीश, तुलसीदास छावनी के महंत जनार्दन दास, भागवत विद्यापीठ के महंत नव्यन्यायाचार्य महंत तुलसीदास, रामचरित मानस विद्यापीठ महंत कमलादास रामायणी, श्रीरामकृष्ण मंदिर महंत गणेशानंद दास, सरयूकुंज महंत राममिलन शरण, विश्वकर्मा पांचाल मंदिर के महंत महेश दास, रामचरितमानस भवन के महंत अवध ाबिहारी दास, खाकचौक के महंत अयोध या दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महंत अंजनी शरण, आचार्य कृष्णचंद्र ठाकुर, स्वामी गयाशरण, संतदास आदि संत–महंत एवं भक्तजन मौजूद रहे।

# वार्षिक सत्यापन न होने से दिव्यांगों को नहीं मिल सकी पेंशन

**संवाददाता–बलरामपुर।** शासन भले ही गरीबों व असहायों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास कर रहा है लेकिन जिले में जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण पात्रों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में होने वाले सत्यापन में जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं जिसका खामियाजा सभी दिव्यांग लाभार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। सत्यापन न होने के कारण जिले में दिव्यांग लाभार्थियों को अब तक पेंशन नहीं मिल सकी है। जिले में 9255 लाभार्थियों के सापेक्ष अब तक मात्र 3879 दिव्यांगों का ही वार्षिक सत्यापन हो सका है। वहीं 5376 लाभार्थियों का सत्यापन शेष है। परिणामस्वरूप जिले के दिव्यांगों को पेंशन योजना का लाभ इस वित्तीय वर्ष में नहीं मिल पाया है। प्रकरण पर सीडीओ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी बीडीओ को पत्र भेजकर जल्द ही दिव्यांग लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन कराने की बात कही है। दिव्यांगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार दिव्यांग पेंशन योजना संचालित कर रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक दिव्यांग लाभार्थी एक हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है। योजना से दिव्यांग व्यक्तियों के सामने आने वाले आर्थिक बोझ को कम करने का प्रयास सरकार कर रही है ताकि ये लोग भी सम्मानजनक व स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम हो सकें। दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ किसी अपात्र को न मिले एवं मृतक के खाते में पेंशन योजना की धनराशि न भेजी जाए इसके लिए प्रशासन प्रत्येक वर्ष लाभार्थियों का सत्यापन कराता है। वार्षिक सत्यापन होने के बाद ही पेंशन धारकों के खाते में योजना की धनराशि भेजी जाती है। जिले के अधिकारी सरकार के इस योजना को अधर में लटकाए हुए हैं। पात्र दिव्यांगों को पेंशन मिलना तो दूर अब तक उनका सत्यापन भी जिम्मेदार नहीं करा सके हैं। जिले के सभी नौ ब्लाकों में 9255 दिव्यांग लाभार्थी हैं जिनमें बलरामपुर ब्लाक 1920, गैंड़ास बुजुर्ग से 354, गैसड़ी के 612, हर्रैया सतघरवा के 1432, पचपेड़वा के 510, रेहरा बाजार के 1472, श्रीदत्तगंज 739, तुलसीपुर 950, उतरौला के 586 लाभार्थी दिव्यांग पेंशन योजना की सूची में शामिल है।

# बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक में करोड़ों का गबन, ब्रांच मैनेजर और क्लर्क फरार




**संवाददाता–देवरिया।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के भवानी छापर बाजार स्थित बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक में एक करोड़ 73 लाख 50 हजार रुपए के गबन का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में ब्रांच मैनेजर और कार्यालय सहायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।वहीं मुकदमा दर्ज होने पर बैंक के कार्यालय सहायक और ब्रांच मैनेजर दोनों फरार हैं।

बैंक के ऑडिटर की टीम मौके पर पहुंचकर फाइलों की जांच में जुटी है। गबन का मामला खुलने पर ब्रांच के खाता धारक अपना अपना खाता चेक कराने बड़ी संख्या में आ रहे हैं। जिले के बिहार बार्डर पर स्थित भवानी छापर बाजार में बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा है। तत्कालीन कार्यालय सहायक अभिषेक रंजन निवासी मुजफ्फरपुर की मिलीभगत से ब्रांच मैनेजर रोहित कुमार सिंह निवासी पटना ने अपने ओवरड्रॉफ्ट खाते से 10 और 11 जून 2024 को एक करोड़ 73 लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया था।

अगले दिन घटना की जानकारी होने पर रीजनल मैनेजर देवरिया ने शाखा प्रबंधक और कार्यालय सहायक को निलंबित कर दिया था। तभी से दोनों फरार चल रहे हैं। रीजनल मैनेजर ने श्रीरामपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं बड़ौदा यूपी बैंक शाखा भिंगारी से मुकेश सिंह ब्रांच मैनेजर और बनकटा शाखा से आए अनुपम चौधरी को कार्यालय सहायक की जिम्मेदारी दी गई है। सीओ भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि शाखा प्रबंधक रोहित कुमार सिंह और कार्यालय सहायक अभिषेक रंजन के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

## पहले दिन बच्चों को लगाएंगे टीका, करेंगे स्वागत

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** ग्रीष्म अवकाश के बाद 28 जून से परिषदीय विद्यालय खुलेंगे। इससे पहले शिक्षकों को 25 से 27 जून तक विद्यालय खोलकर साफ–सफाई कराकर छात्र–छात्राओं के अनुकूल वातावरण बनाने का निर्देश जारी किया गया है। जबकि 28 जून को विद्यालय खुलने पर चाइल्ड फ्रेंडली वातावरण सृजित कर छात्र–छात्राओं का स्वागत रोली और टीका लगाकर किया जाएगा और पहले दिन मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को हलवा और खीर खाने को मिलेगा। परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 18 जून को समाप्त हो रही थीं। लेकिन,भीषण गर्मी को देखते हुए इसे एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया है। विद्यालय 25 जून से खुलेंगे और सिर्फ शिक्षक–कर्मचारी स्कूल आएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि स्कूल को खोलकर क्लास रूम व लाइब्रेरी की साफ–सफाई, पानी की टंकी, किचेन, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। वहीं 28 जून से जब बच्चे आएंगे तो शुरू के दो दिन 28–29 जून को समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें अभिभावकों को भी बुला सकते हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिया है कि इस दौरान डीबीटी की तैयारी पूरी की जाए। इसी क्रम में 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान फिर से चलाया जाए। देवेंद्र कुमार पांडेय, बीएसए ने कहा कि ग्रीष्मवकाश के बाद परिषदीय विद्यालयों को 25 जून से खोलने के निर्देश मिले हैं, पर बच्चे नहीं आएंगे। बच्चों को 28 जून से स्कूल आने के लिए कहा गया है। स्कूल खुलने के तीन दिन तक साफ–सफाई समेत अन्य तैयारियों के लिए निर्देशित किया गया है।

# लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में भड़के भाजपा कार्यकर्ता, जमकर चले लात–घूंसे



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** भाजपा की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। यह बैठक लोकसभा चुनाव में कम मतदान की समीक्षा करने के लिए रखी गई थी, लेकिन इसके लिए जब कुछ लोग एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ने लगे तो मामला गरमा गया। दरअसल, सिद्धार्थनगर जिले के तहत आने वाली डुमरिया लोकसभा सीट पर बीजेपी के जगदंबिका पाल ने जीत हासिल की है। पार्टी जीत भले गई हो पर वोट प्रतिशत पहले से कम हुआ है। इसी की समीक्षा के लिए पार्टी नेताओं की बैठक चल रही थी। इसमें कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हो गई। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के नतीजे बीजेपी के लिए अच्छे नहीं रहे। जिन लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी की हार हुई है। वहां इन दिनों समीक्षा बैठकें चल रही हैं। दरअसल, बैठक में मौजूद कुछ नेताओं की उपस्थिति पर कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जताई। इस दौरान कहा गया कि यहां साइकिल चलाने वाले क्यों आ गए। इस पर दो पक्षों में पहले गरमागरमी फिर जमकर मारपीट होने लगी। किसी तरह वरिष्ठ नेताओं ने मामला शांत कराया। बीजेपी के काशी क्षेत्र के महामंत्री सुशील तिवारी और मथुरा के विधायक राजेश तिवारी कार्यकर्ताओं संग बैठक कर समीक्षा करने आए थे। इसी दौरान कुछ नेताओं ने कहा कि जो लोग लोकसभा चुनाव में साइकिल चला रहे थे। वे इस बैठक में क्या करने आए हैं। इस मुद्दे पर कार्यकर्ताओं में बहस शुरू हो गई है। बात बढ़ते–बढ़ते बढ़ गई। कुछ लोग वहां बीजेपी जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। फिर दो पक्षों में हाथापाई होने लगी। काफी देर तक हंगामे का दौर चलता रहा।

# एसपी ने थानाध्यक्ष को किया निलंबित




**संवाददाता–बहराइच।** एसपी बहराइच ने अपने दायित्व का निर्वाहन न करने के मामले में थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया। एसपी कि इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस पर वसूली के आरोप लग रहे हैं। इस वसूली के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट चल रहा है। जिससे आम जनमानस में पुलिस की छवि खराब हो रही है। जिले के हुजूरपुर थाने में बतौर थानाध्यक्ष दिलीप शुक्ला की तैनाती है। थानाध्यक्ष की लगातार शिकायतें एसपी को मिल रही थी। जिसके चलते एसपी वृंदा शुक्ला ने थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। एसपी कि इस कार्रवाई से अन्य पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया है। वही क्षेत्रवासी हुजूरपुर पुलिस की कार्यशैली को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट चला रहे हैं। आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि थाने के सिपाही 200 से 500 रुपये की वसूली करते हैं। यही नहीं थाने की पुलिस को दो पक्षों में मारपीट का इंतजार रहता है। इस तरह के तमाम आरोप पुलिस पर लग रहे हैं। पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

# माटीकला व्यवसायियों को दिया जा रहा ऋण

**संवाददाता–श्रावस्ती।** माटीकला को बढ़ावा देने के लिए इससे जुड़े लोगों को ऋण देने की व्यवस्था है। जिससे व्यक्तिगत इकाईयां स्थापित करायी जाएंगी। योजना का मुख्य उद्देश्य माटीकला को बढ़ावा देना व इस कला से जुड़े लोगों को रोजगार मुहैया कराना है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया कि माटीकला को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी के बर्तनों व खिलौनों, मूर्तियों आदि को बनाने वाले कुम्हारों व कारीगरों को भविष्य में आध ुनिक चाक भट्ठी व मिट्टी गूंथने की मशीन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के तहत खिलौना निर्माण, घरेलू उपयोग के उत्पाद प्रेशर कुकर, घड़ा, सुराही, जग, कुल्हड़, गिलास, अचारदान, कटोरी, कप–प्लेट, डोंगे आदि के साथ ही भवन निर्माण सामग्री, फ्लोर टाइल्स, रूफ टाइल्स, लैट्रीन पैन पाइप, वॉश बेंशिंग आदि व्यासायिक गतिविधियां जुड़ी हैं। उद्योग स्थापित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को 10 लाख रुपये प्रोजेक्ट पर बैंक के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराये जाने का प्राविधान है। प्रोजेक्ट लागत का 05 प्रतिशत मार्जिन मनी खुद के अंशदान के रूप में जमा कराया जाएगा।

स्वीकृत धनराशि पूंजीगत ऋण ध ानराशि के 25 प्रतिशत तक की ध ानराशि लाभार्थियों को मार्जिन मनी के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के तहत व्यक्तिगत इकाईयां ही स्थापित करायी जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य हो वे अपना आवेदन जिला ग्रामोद्योग कार्यालय श्रावस्ती में 30 जून तक जमा कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए दो फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि प्रपत्रों की आवश्यकता होगी।

# 7 विधायकों की सदस्यता रद्द करायेगी सपा



**लखनऊ (आभा)।** लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही राज्यसभा इलेक्शन के लिए हुई वोटिंग में समाजवादी पार्टी के 7 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी। इन विधायकों के पालाबदल के चलते भाजपा के एक अतिरिक्त उम्मीदवार को भी जीत मिल गई थी। तब भाजपा ने इसे बड़ी सफलता के तौर पर देखा था। इसके अलावा इन विधायकों को भी लग रहा था कि सत्ताधारी दल के साथ जाकर उन्हें कुछ बड़ा मिल जाएगा। लेकिन अब रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय और फूलपुर की पूजा पाल समेत इन सभी विधायकों को भाजपा से कोई भाव नहीं मिल रहा है। वहीं समाजवादी पार्टी का कहना है कि हम इन विधायकों के खिलाफ विधानसभा स्पीकर से शिकायत करेंगे और उनकी सदस्यता रद्द कराएंगे। अब इन विधायकों की स्थिति यह हो गई कि भाजपा के पास फायदे के लिए गए थे और उलटा सदस्यता खोकर नुकसान ही उठाना पड़ रहा है।

यदि इन विधायकों की सदस्यता गई तो यह बड़ा नुकसान होगा क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव में अभी पूरे तीन साल का वक्त बाकी है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में भी इन लोगों को टिकट नहीं मिला।

अब यदि सदस्यता जाती है तो वे किसी भी सदन के सदस्य नहीं रहेंगे। संकट यह होगा कि यदि भाजपा से इन लोगों को उपचुनाव में टिकट नहीं मिला तो फिर इनके आगे बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

# किया योग, दिया निरोगी जीवन का संदेश



**संवाददाता–बस्ती।** दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम अमर शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहॉ प्रभारी मंत्री राकेश सचान, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, एमएलसी सुभाष यदुवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व भगवान धन्वन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.एस. दुबे, पीडी राजेश झा, जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, डीपीआरओ रतन कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश शुक्ला, बीएसए अनूप तिवारी, उप जिलाधिकारी सदर शत्रुघ्न पाठक, प्रभारी क्षेत्रीय एवं यूनानी डा. इन्द्र बहादुर यादव, स्पोर्ट अधिकारी संजय शर्मा, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, प्रेसक्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, अपर जिला सूचना अधिकारी हितेन्द्र कुमार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी, गणमान्य व संभ्रांतजन, शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं, विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग कर खुद के साथ–साथ अपने परिजनों को खुश व निरोग रहने का संकल्प लिया गया।

प्रभारी मंत्री ने योग दिवस में आये हुए नागरिको को धन्यवाद ज्ञापित किया योग प्रशिक्षक सन्नों दुबे, सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में योग किया गया। इसी कड़ी में जिला सहकारी बैंक बस्ती के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी की अगुवाई में बैंक परिसर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी योग महोत्सव का आयोजन हुआ।

# पूर्व विधायक संजय प्रताप ने किया सरयू नहरों के सभी रजवाहों में पानी छोड़े जाने की मांग



**संवाददाता–बस्ती।** रूधौली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर अन्तर्गत निकलने वाली सरयू नहरों के सभी रजवाहों में पानी छोड़े जाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 309 रुधौली क्षेत्र अन्तर्गत विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर में सरयू नहर खण्ड–चार एवं उसकी उप शाखा की नहरे बनायी गयी है। इन नहरों से किसानों के खेतो की सिंचाई के लिए समय समय पर पानी मुहैया कराया जाता है। इस वर्ष खरीफ की फसलो के लिए विभाग द्वारा नहरो में पानी केवल मई माह के अन्तिम सप्ताह में छोड़ा गया था, जो पिछले कई माह से तपती धरती की प्यास बुझाने के लिए नाकाफी था। इस वर्ष भीषण गर्मी एवं बरसात न होने से खेत खलिहान सूख चुके है, पोखरो, तालाबो में पानी न होने से पशु पक्षी प्यास बुझाने के लिए भटक रहे है। यहां तक कि सल्टौआ गोपालपुर अन्तर्गत कई गावों का वाटर लेविल नीचे हो जाने के कारण लोगो को जल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान नहरो में पानी न आने की सबसे अधिक शिकायते प्राप्त हुई। धान की नर्सरी तैयार करने के लिए पानी का अभाव किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है, जिससे खरीफ की अन्य फसले भी बर्बाद हो रही है। उन्होने समस्याओं को गम्भीरता से संज्ञान में लेते हुए सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड अन्तर्गत निकलने वाली सरयू नहर के सभी रजवाहों में पानी छोड़ने हेतु संबंधित को निर्देशित किया जाय जिससे किसानों को उनके खेती की सिंचाई में सुविधा और आम जनता को राहत मिल सके।

# माता कात्यायनी मंदिर के परिसर में योग शिविर का आयोजन



**संवाददाता–बस्ती।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कप्तानगंज विकासखण्ड के महादेवरी में माता कात्यानी मंदिर के परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक दिवाकर सिंह के द्वारा पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, वक्रासन, सूर्यभेदन, उज्जाई, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी आदि आसान और प्राणायाम कराए गए। मंदिर समिति के सदस्य सन्तोष कुमार शुक्ल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से मनुष्य के जीवन में एकाग्रता, शारीरिक और मानसिक सामंजस्य से जीवन शैली में बदलाव आता है। समाजसेवी चंद्रमणि पाण्डेय उर्फ सुदामा ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आज के समय में योग को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है।

इस अवसर रामसिंगार ओझा, अमरनाथ शुक्ल, शिवचरण जायसवाल, गिरजा शंकर द्विवेदी, राघवेंद्र पाण्डेय, सूर्यकांत विश्वकर्मा, विमलेंद्र सिंह, शक्तिदीप पाठक, अयोध्या सिंह, जगदंबा प्रसाद ओझा, शिवाकांत पाण्डेय, राधेश्याम, राम निहाल शुक्ल, रामशंकर शुक्ल, मंगल प्रसाद शुक्ल, बाबूराम शुक्ल, पंकज शुक्ल, प्रखर शुक्ल, छठीराम, आशुतोष शुक्ल, प्रेम शंकर शुक्ल, प्रेम प्रकाश शुक्ल, सतीश शुक्ल लायक, राकेश शुक्ल, शिवशंकर शुक्ल, देवआशीष शुक्ल, प्रथम शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन, डीएम सहित हजारों लोगों ने हिस्सा लिया



**संवाददाता–बस्ती।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हरैया विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में अमोढ़ा स्थित रामरेखा मंदिर के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी आंद्रा वामसी सहित अधिकारियों, नेताओं के साथ हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा तरह–तरह के आसान, प्राणायाम सहित अनेक तरह के योग उपस्थित लोगों को कराए गए। योग समाप्ति पर योग शिविर में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अजय सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग के साथ ही समृद्ध पर्यावरण हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के जलवायु परिवर्तन के कारण हम और आप हैं अगर समय रहते हम लोग नहीं चेते तो हम आने वाली पीढ़ियों को केवल बीमारी देंगे। पानी की उपलब्धता और अत्यधिक पेड़ के द्वारा ही हम अच्छे पर्यावरण की कल्पना कर सकते हैं। जब पर्यावरण अच्छा होगा तो हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। कहा कि योग केवल हमारे शरीर को नहीं, बल्कि हमारी सोच और जीवन दृष्टिकोण को भी बदलता है। यह हमें एक स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध जीवन की ओर अग्रसर करता है। जिलाधिकारी आंद्रा वामसी ने कहा कि योग दिवस तो जागरूकता के लिए है लेकिन अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को सभी लोग दिनचर्या में शामिल करें। पर्यावरण के संबंध में विधायक के बातों का समर्थन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा हमारे स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। योग के उपरान्त शिविर में आए लोगों को जलपान और फलाहार कराया गया।

योग शिविर कार्यक्रम में एसडीएम हरैया विनोद त्रिपाठी, सीओ अशोक कुमार मिश्र, तहसीलदार अनुराग सिंह, बीडीओ हरैया सुशील कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी हरैया राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ आरके सिंह, प्रमुख विक्रमजोत केके सिंह, पूर्व प्रमुख योगेन्द्र सिंह, राम सिंगार ओझा, सभासद धर्मध्वज सिंह, विधायक प्रतिनिधि पं. सरोज मिश्र, अर्जुन सिंह, राजा पाण्डेय, विकास कान्त पाण्डेय, प्रेम शंकर ओझा, गिरजेश बहादुर सिंह, आनन्द सिंह, विवेक कान्त पाण्डेय, अरविंद सिंह, अमरनाथ सिंह, आयुष गुप्ता सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# केजरीवाल को अभी राहत नहीं

**नई दिल्ली (आभा)।** दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत पर फिलहाल रोक लगा दी है और फैसला सुरक्षित रखा है। माना जा रहा है कि दो से तीन दिन पर इस पर फैसला आएगा। तब तक उन्हें तिहाड़ जेल में ही रहना होगा। बता दें कि



गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। इस पर ईडी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का रुख किया था। ईडी ने इस मामले को तत्काल सुनवाई की मांग की। ईडी की याचिका पर सुनवाई को लिए हाईकोर्ट सहमत हो गया है।

ईडी का दावा है कि हमको अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करने का पूरा मौका नहीं दिया क्या, इसलिए निचली अदालत के जमानत के फैसले पर रोक लगाई जाए।

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक
**आवाज दर्पण**
प्रत्येक रविवार

**स्वत्वाधिकारी भारतीय बस्ती प्रकाशन की ओर से प्रकाशक एवं सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 70 नया हाल जिला परिषद भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से प्रकाशित और मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस 70 नया हाल जिला परिषद भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित।**

**सम्पादक–दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–दिलीप चन्द्र पाण्डेय

मो.०९४५०५९७४५०

Email- Awazdarpan@yahoo.com